फाइल सं.: 43001/07/2023/एनसीवीईटी/

भारत सरकार

कौशल विकास और उद्‌यमशीलता मंत्रालय

राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण परिषद्

चतुर्थ तल, कौशल भवन,
चाणक्यपुरी, नई दिल्ली -110023
दिनांकः 18/09/2025

**कार्यालय ज्ञापन**

**विषयः हिंदी दिवस के अवसर पर माननीय कौशल विकास और उद्‌यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) द्वारा अपील जारी करना।**

हिंदी दिवस के उपलक्ष में माननीय कौशल विकास और उद्‌यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) द्‌वारा जारी “अपील” की एक प्रति इस ज्ञापन के साथ आपके अवलोकन हेतु प्रेषित की जा रही है।

एनसीवीईटी के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अनुरोध है कि अपने सरकारी कामकाज में राजभाषा हिंदी का अधिक से अधिक प्रयोग सुनिश्चित करें।

18/09/25

**(हरीश चन्द्र)**
**उप निदेशक (राजभाषा)**

सेवा में,

1. वरिष्ठ पी.पी.एस. - अध्यक्ष, एनसीवीईटी।
2. पीए/पीएस - कार्यकारी सदस्य (वी.ए.)/ कार्यकारी सदस्य (एन.पी.), एनसीवीईटी।
3. सभी अधिकारी एवं कर्मचारी, एनसीवीईटी।

जयन्त चौधरी
Jayant Chaudhary

सत्यमेव जयते

कौशल विकास और उद्यमशीलता
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं
शिक्षा राज्य मंत्री
भारत सरकार
Minister of State (Independent Charge)
Skill Development and Entrepreneurship;
Minister of State for Education
Government of India



## संदेश

जैसा कि आप सभी जानते हैं कि 14 सितंबर, 1949 को संविधान सभा द्वारा हिन्दी को हमारे देश की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया गया था, तब से हर वर्ष हम इस दिन को 'हिन्दी दिवस' के रूप में मनाते हैं।

कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय भारत सरकार का एक ऐसा मंत्रालय है जिसके अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों का संबंध तथा सरोकार प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप में देश की आम जनता से है। इन योजनाओं एवं कार्यक्रमों का उद्देश्य जन आवश्यकताओं के अनुरूप उन्हें विभिन्न प्रकार के कौशलों में सक्षम बनाकर रोजगार के अवसर मुहैया कराना है। विकास योजनाओं का अधिकतम लाभ जनता तक तभी पहुँचेगा जब सरकार का कामकाज जनभाषा में हो।

हिन्दी हमारे देश में सबसे अधिक बोली एवं समझी जाने वाली भाषा है। इसके अलावा, हिन्दी विभिन्न भाषा-भाषियों के बीच संपर्क भाषा के रूप में भी कार्य करती है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप मेरे इस विचार से सहमत होंगे कि हिन्दी बोलना, समझना और लिखना बहुत आसान है, इसलिए हमारा कर्तव्य बनता है कि हम ज्यादा से ज्यादा इस भाषा में अपना सरकारी कामकाज करें।

हिन्दी भाषा में काम करके हम न केवल संवैधानिक प्रावधानों का पालन करते हैं बल्कि यह हमारे लिए गर्व की बात भी है। मैं हिन्दी दिवस के अवसर पर कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय, अधीनस्थ कार्यालयों आदि के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को हार्दिक बधाई देता हूँ और अपील करता हूँ कि आप अपने-अपने कार्यालयों में हिन्दी का अधिकाधिक उपयोग करें।

**जय हिन्द ।**

(जयंत चौधरी)

सबको शिक्षा-अच्छी शिक्षा

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

कौशल भारत-कुशल भारत

MSDE-Room No. 201, 2nd Floor, Kaushal Bhawan, New Moti Bagh, New Delhi -110023 Phone : +91-11-26773201
E-mail : minister-msde@gov.in